Title: Need to look into the demands of Pensioners under EPS-1995.-laid

श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर (नांदेड़): EPS-95 पेंशनर्स जिन्होंने अपनी सेवा काल में देश के लिए अपना खून पसीना बहा कर सेवा की, उन्ही सेवानिवृत कर्मचारियों को आज अत्यंत कम पेंशन में दयनीय स्थिति में अपना जीवन का गुजारा करना पड़ रहा है जो कि किसी भी हालत में गुजारे लायक नहीं है । भारत सरकार लोककल्याण सेतु जैसी कई पेंशन योजनाएं चला रही है लेकिन फिर भी EPS कर्मचारी वंचित हैं । इन्हें जो 1170 रुपए प्रतिमाह मिलता है उसमे इनका गुजारा करना बहुत मुश्किल है । मैं सरकार का ध्यानाकर्षण करना चाहूंगा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा आश्वासन एवं दिशानिर्देश होने के बाद भी अभी तक यह कार्य लंबित है ।

मैं सरकार से आग्रह पूर्वक मांग करता हूँ कि शीघ्रातिशीघ्र इन कर्मचारियों को इनके द्वारा विभाग को दी गई मांगों पर माननीय प्रधान मंत्री जी के दिशनिर्देशों की पालना की जाएं ।